# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 जनवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। वहां उन्होंने एनेक्सी भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह विकास परियोजनाओं में मानव संसाधन बढ़ाएं जिससे काम में तेजी लाई जा सके। उन्होंने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण, लोकनिर्माण विभाग, नगर निगम, सिंचाई विभाग, जल निगम और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी ली। समीक्षा बैठक से पहले श्री योगी ने एनेक्सी भवन के प्रथम तल पर बने सभागार कक्ष का उद्घाटन किया।

समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान पहुंचे, जहां उन्होंने सभी वन्य जीवों के बाड़ों का निरीक्षण किया और वहां लाए गए भेड़ियों और बाघ का नामकरण किया। इसके अलावा उन्होंने एक हाथी का बाड़े में प्रवेश भी कराया।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने महाकुंभ नगर प्रयागराज में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की वेबसाइट का आज लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने महाकुंभ को भारतीय परम्पराओं और आध्यात्मिकता का जीवंत संगम बताया। उधर, केंद्र सरकार में मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी आज महाकुंभनगर पहुंचे। वहां उन्होंने संगम तट पर स्नान किया। इसके बाद अयोध्या जाकर उन्होंने प्रभु श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया।

**********

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ दो हजार पच्चीस में लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कड़े कदम उठाए हैं। एक रिपोर्ट–

***एफएसएसआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में खाद्य विश्लेषकों सहित 10 मोबाइल खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं तैनात की है। यह खाद्य प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं मिलावटी और खराब होने वाली खाद्य पदार्थों की मौके ही पर जांच कर रही है। साथ ही खाद्य व्यापार संचालकों, स्ट्रीट फुड विक्रेताओं और आम जनता को जागरुक भी किया जा रहा है। मेले के प्रत्येक सेक्टर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं, जो स्वच्छता और सुरक्षा मानकों की नियमित निगरानी करते हैं। खाद्य गुणवत्ता की जांच के लिए मेला परिसर में मौजूद होटलों, छोटे खाद्य स्टॉल और ढाबों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। मौके पर मौजूद टीम को खाद्य सुरक्षा संबंधी शिकायतों का समाधान और सामान की गुणवत्ता सहित खाना पकाने के तरीकों की जांच करके तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मेला क्षेत्र में की गई ये सार्वजनिक स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के प्रति सरकार के प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

**********

महाकुंभनगर प्रयागराज के सेक्टर उन्नीस में कल हुई आग लगने की घटना के दूसरे दिन आज प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अग्निशमन अविनाश चंद्र भी घटना स्थल पर पहुंचे और वहां प्रभावित गीता प्रेस कैम्प का निरीक्षण किया। महानिदेशक ने आग लगने की परिस्थितियों की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि घटना से सबक लेकर हम लोग आग से सचेत रहने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कल आग लगने की घटना के बाद अग्निशमन विभाग के प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी।

***जितने भी आसपास के फायर स्टेशन्स हैं उनकी समस्त गाड़ियां यहां पर आयीं और पैंतालीस गाड़ियों छोटी–बड़ी मिलाकर के फोर्टी फाइव विकल्स यहां पर फायर फाइटिंग्स में लगीं 175 के आसपास इनके जो कार्टजेज थे वो जले और किसी भी व्यक्ति को एक भी कोई बर्न इंजरी नहीं हुयी न इसमें कोई कैजुअलटी हुयी।***

कल घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मौके का निरीक्षण किया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दूरभाष के माध्यम से पूरी घटना की जानकारी दी थी।

**********

प्रदेश की कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग को राज्य के मुख्य सचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के विदेश दौरे पर जाने के चलते शासन ने यह निर्णय लिया है।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में कोहरा छाए रहने और पछुआ हवा चलने के चलते तापमान में गिरावट आ गई है। इससे ठंड में अचानक बढ़ोत्तरी हो गई है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में हुए बदलाव का क्रम अगले दो दिन तक जारी रहेगा।

**********